## टीकाकरण के समय सावधानी:–

1. पीने वाला पानी में किसी प्रकार का संक्रमण मुक्त करने वाली दवा का प्रयोग नहीं करना है।
2. चिक के टीकाकरण होने तक टीका वाली दवा का शीतलीकरण श्रृंखला सुनिश्चित रखना है।

### मछली–सह–मुर्गी पालन में 500 चूजा के लिए आहार एवं पानी की तालिका

| चिक की उम्र | प्रति चिक का औसत वजन (ग्राम) | आहार की खपत (500 चिक के लिए) (कि.ग्रा.) | प्रति दिन प्रति चूजा औसत वजन की प्राप्ति (ग्राम) | साप्ताहिक एफ.सी.आर. | पानी की खपत (500 चिक) (लिटर) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 42 | | | | | |
| 1 | 51 | 6.0 | | | 10.5 | |
| 2 | 62 | 6.5 | | | 11.5 | |
| 3 | 75 | 8.5 | | | 15.0 | |
| 4 | 92 | 10.0 | | | 17.5 | |
| 5 | 112 | 12.0 | 14 | | 21.0 | सैप्लिंग दिवस |
| 6 | 134 | 14.0 | | | 24.5 | |
| 7 | 159 | 15.0 | | | 28.0 | |
| कुल साप्ताहिक | | 72.0 | 159 | 1.23 | 128.01 | |
| 8 | 187 | 18.5 | | | 32.5 | |
| 9 | 218 | 21.0 | | | 37.0 | |
| 10 | 252 | 23.5 | 28 | | 41.0 | सैप्लिंग दिवस |
| 11 | 289 | 25.0 | | | 46.5 | |
| 12 | 329 | 29.0 | | | 51.0 | |
| 13 | 372 | 31.5 | | | 55.0 | |
| 14 | 418 | 34.0 | | | 59.5 | |
| कुल साप्ताहिक | | 182.5 | 418 | 1.40 | 322.5 | |
| 15 | 467 | 36.5 | 43 | | 64.0 | सैप्लिंग दिवस |
| 16 | 518 | 38.0 | | | 68.5 | |
| 17 | 571 | 41.5 | | | 72.5 | |
| 18 | 626 | 44.0 | | | 77.0 | |
| 19 | 683 | 46.0 | | | 80.5 | |
| 20 | 742 | 48.0 | 55 | | 84.0 | सैप्लिंग दिवस |
| 21 | 803 | 50.0 | | | 85.5 | |
| कुल साप्ताहिक | | 304.0 | 803 | 1.57 | 532.0 | |
| 22 | 866 | 51.5 | | | 90.0 | |
| 23 | 930 | 53.5 | | | 93.5 | |
| 24 | 995 | 55.0 | | | 96.5 | |
| 25 | 1061 | 56.5 | 64 | | 99.0 | सैप्लिंग दिवस |
| 26 | 1128 | 59.0 | | | 103.5 | |
| 27 | 1196 | 61.0 | | | 107.0 | |
| 28 | 1265 | 63.0 | | | 110.5 | |
| कुल साप्ताहिक | | 399.5 | 1265 | 1.72 | 700.0 | |
| 29 | 1335 | 65.0 | | | 114.0 | |
| 30 | 1406 | 67.0 | 69 | | 117.5 | सैप्लिंग दिवस |
| 31 | 1477 | 68.5 | | | 120.0 | |
| 32 | 1549 | 70.5 | | | 123.5 | |
| 33 | 1622 | 72.5 | | | 127.0 | |
| 34 | 1694 | 74.5 | | | 130.5 | |
| 35 | 1765 | 76.5 | 72 | | 134.0 | निकासी दिवस |
| कुल साप्ताहिक | | 494.5 | 1765 | 1.97 | 866.5 | |
| | | चिक का औसत कुल वजन | आहार की कुल खपत | औसत प्रतिदिन वजन | कुल औसत एफ.सी.आर. | कुल पानी की खपत |
| इस टेबल के अनुसार | | 882.5 कि.ग्रा. | 1452.5 कि.ग्रा. | 50 ग्राम | 1.58 :1 | 2548.5 लीटर |





मत्स्य निदेशालय
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग
द्वारा जनहित में प्रकाशित

बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

Directorate of Fisheries, Bihar, Patna

# मछली–सह–मुर्गी पालन





मत्स्य निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार

# मछली–सह–मुर्गी पालन में 500 चूजा के लिए आवास की व्यवस्था एवं आवासन पूर्व प्रबंधन

### प्रति चिक जगहः

1. यदि 1 कि.ग्रा. मुर्गी निकासी करनी हो तो 1.25 वर्ग फीट प्रति चिक
2. यदि 1.5 कि.ग्रा. मुर्गी निकासी करनी हो तो 1.5 वर्ग फीट प्रति चिक
3. यदि 2 कि.ग्रा. मुर्गी निकासी करनी हो तो–2 वर्ग फीट प्रति चिक

### आवास की दिशा :

| | | |
|---|---|---|
| लम्बाई | : | पूरव से पश्चिम |
| चौड़ाई | : | उत्तर से दक्षिण (अधिकतम 24 फीट) |

### आवास की उँचाई :

| | | |
|---|---|---|
| दोनों किनारे | : | 9 फीट |
| आवास के मध्य में | : | 13 फीट |
| आवास की छत | : | करकट, उपर मध्य में खुला (भेंटिलेटेड) हो। |

### चूजा के आवासन से पूर्व आवास की तैयारीः

1. पर्दो को साफ कर सूखा लें।
2. घर को पर्दा से ढक दें एवं घर के अन्दर एक तम्बुनुमा (टेन्ट) ब्रोडिंग के लिए छोटा घर बनाएँ।
3. ब्रोडिंग एरिया (आवासन क्षेत्र) को संक्रमण रहित करने के लिए बायो–बुस्टर या बीटकोन एस–5 एम.एल./लीटर पानी में घोल कर छिड़काव करें।
4. दो ब्रुडरगार्ड की व्यवस्था करें और दोनों को एक–दूसरे के बगल में व्यवस्थित करें।
5. प्रत्येक ब्रुडरगार्ड में 2–3 चिक ट्रे, 3 चिक फीडर एवं 7–8 चिक ड्रींकर की व्यवस्था करें।
6. 7–8 बल्ब 100 वाट का रिफ्लेक्टर के साथ व्यवस्थित करें।
7. ब्रुडरगार्ड के अन्दर का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस करने के लिए चिक के प्रवेश से 4 घंटा पूर्व बल्ब जला दें।

गर्मी के मौसम में सुबह के समय एवं ठंड के मौसम में 10–12 बजे पूर्वाह्न में चिक का संचय करें।

### मछली–सह–मुर्गी पालन में 500 चूजा के लिए आवासन/संचयन उपरान्त प्रबंधन

1. आवासन के समय सभी चूजे के चोंच को चीनी या गुड के घोल में डूबा कर छोड़ें एवं गणना कर लें।
2. सभी फीडर में आहार एवं ड्रींकर में पानी भर दें (गर्मी में ठंडा पानी एवं शरद ऋतु में गर्म पानी का प्रयोग करें)
3. घर के तापमान एवं नमी को निम्नलिखित तालिका के अनुसार व्यवस्थित करें:

| दिवस | तापमान (डिग्री सेल्सियस) | नमी (%) |
|---|---|---|
| 1–3 | 35 | 65–75 |
| 3–7 | 33 | 65–75 |
| 7–14 | 31 | 65–75 |
| 14–21 | 28 | 65–75 |
| 21–28 | 25 | 65–75 |
| 28–35 | 25 | 65–75 |

(यदि नमी एवं तापमान दिए गए तालिका के अनुरुप हो तो 35 दिनों में औसत 2 कि.ग्रा. का वजन प्राप्त होता है।)

4. आहार प्रबंधन :

- 1 से 12 दिन तक प्रि–स्टार्टर
- 12 से 25 दिन तक स्टार्टर
- 25 से 35 दिन तक फिनीशर

5. 12 वाँ एवं 25 वाँ दिवस को भोजन का ग्रेड बदलने से तीन दिन पूर्व से दोनों ग्रेड के आहार को मिश्रित कर खिलाना शुरू कर दें।
6. प्रत्येक 7, 14, 28 एवं 35 दिन पर एफ.सी.आर. की गणना करें।
7. प्रत्येक 5 दिन पर चूजा की प्रति दिन औसत वजन की वृद्धि की गणना करें। (यदि वृद्धि एवं एफ.सी.आर. मानक के अनुरूप नहीं आता हो तो प्रबंधन या आहार की गुणवत्ता में कमी हो सकती है।)

### मुर्गी पालन के प्रथम चक्र (30–35 दिन) के बाद एवं द्वितीय चक्र की शुरुआत से पूर्व आवास की सफाई एवं तैयारी

1. आवास के अन्दर का सभी कूड़ा–कचरा (लीटर) को बाहर निकाल दें एवं फार्म से 200 फीट की दूरी पर संचय कर मछली का उर्वरक तैयार करें।
2. साफ पानी से सफाई करें।
3. 2 कि.ग्रा. कॉस्टीक सोडा एवं 2 कि.ग्रा. नमक का छिड़काव करें।
4. 100 एम.एल. फॉरमलीन में 100 एम.एल. पानी मिला कर छत, दीवार एवं जमीन को संक्रमण रहित करें।
5. 2 कि.ग्रा. चूना, 2 कि.ग्रा. तुतिया (कॉपर सल्फेट), 500 ग्राम किरोसीन तेल एवं 500 ग्राम ब्लीचिंग पाउडर का घोल बना कर जमीन एवं दीवार पर छिड़काव करें।
6. सूती पर्दा को तीन दिन तक उलट–पलट कर सूखने के बाद 10 प्रतिशत फॉरमलीन से संक्रमण रहित करें।
7. फीटर एवं ड्रींकर को पोटाशियम परमैगनेट के घोल में डूबा कर फिर धूप में सुखाकर उपयोग करें।

### मछली–सह–मुर्गीपालन में 500 चूजा के लिए आवश्यक सामग्री की सूची:

1. फीडर एवं ड्रींकरः
   चिक ट्रे–5 (100 चिक प्रति ट्रे)
   छोटा फीडर–15 (30–35 बर्ड प्रति ट्रे)
   छोटा ड्रींकर–15 (30–35 बर्ड प्रति ट्रे)
   छोटा फीडर–15 (30–35 बर्ड प्रति ट्रे)
   बडा ड्रींकर–15 (30–35 बर्ड प्रति ट्रे)
2. चिकगार्ड : 2 (250 चिक प्रति गार्ड)
3. 100 वाट का बल्ब (रिफ्लेक्टर के साथ): 16 (1 बल्ब प्रति 33 चिक)
4. सेपरेटर : 5 (100 बर्ड/सेपरेटर) : आकार 12 फीट लंबा, 2 फीट उँचा
5. पर्दाः 2 सेट (8–9 फीट चौड़ा पूरा उत्तर एवं दक्षिण दिशा को ढकने के लिए)
   - जूट बोरा का
   - प्लास्टिक का
6. थर्मामीटरः 0–40 डिग्री सेल्सियस रिडिंग वाला

### मछली–सह–मुर्गी पालन में 500 चूजा का 30–35 दिन के फसल चक्र में उपयोग होने वाली दवा की मात्रा एवं समय का निर्धारण

<table>
<tr><th>दिवस</th><th>सुबह 10–12 बजे देने वाली दवा की मात्रा</th><th>शाम 10–12 बजे देने वाली दवा की मात्रा</th></tr>
<tr><td>1</td><td>• चीनी/गुड़ 500 ग्राम प्रति 5 लीटर पानी में मिलाकर</td><td>–</td></tr>
<tr><td>2</td><td rowspan="3">• टाईलोसीन (62.5%) : 4 ग्राम<br>• चीनी/गुड़ 500 ग्राम प्रति 5<br>• लीटर पानी में मिलाकर</td><td rowspan="3">1) नियोडोक्सः 1 ग्रामप्रति 2 लीटर पानी में मिलाकर<br>2) स्ट्रेसभेलः 25 एम.एल.</td></tr>
<tr><td>3</td></tr>
<tr><td>4</td></tr>
<tr><td>5</td><td rowspan="2">चीनी/गुड़ 500 ग्राम प्रति 5 लीटर पानी में मिलाकर</td><td rowspan="2">स्ट्रेसभेल : 25 एम.एल.</td></tr>
<tr><td>6</td></tr>
<tr><td>21</td><td>टाईलोसीन (62.5:) : 36 ग्राम</td><td>–</td></tr>
<tr><td>22–30/35</td><td>सेफगार्डः 1 एम.एल. प्रति लीटर में मिलाकर हर 24 घंटे के अंतराल पर</td><td></td></tr>
</table>

### मछली–सह–मुर्गी पालन में 500 चूजा को मृत्यु से बचाने के लिए विषाणु जनित बीमारी से बचाव हेतु टीका एवं दवा निर्धारण का तरीका

| क्र. | विषाणु जनित बीमारी का नाम | टीका दिवस | समय | मात्रा | दवा देने का तरीका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इनफेक्टीयस ब्रोन्काइटिस | 1 | 8–10 बजे | 1 बूँद | नाक या आँख में |
| 2 | रानी खेत | 5 | 8–10 बजे | 1 बूँद | नाक या आँख में |
| 3 | गमबोरो (इन्टरमीडियट प्लस) | 13 | 8–10 बजे | 1 बूँद | नाक या आँख में |